p; Need to undertake electrification of the villages under Den Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojana in Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) ः मैं सरकार का ध्यान झारखण्ड राज्य में पूर्व में चल रहे ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्यों की तरफ दिलाना चाहता हूं। झारखण्ड में अभी तक पूरे राज्य में ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य नहीं हुआ है। कई गांवों में तार नहीं हैं और कई गांवों में अभी तक खम्बे नहीं लगे हैं। झारखण्ड में अभी भी ऐसे कई गांव हैं, विशेषकर आदिवासी एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पर अभी तक बिजली नहीं पहुँची है और गांव में 10 के.वी. या 15 के.वी. के ट्रांसफार्मर लगे हैं जो बिजली का लोड सहन नहीं कर पाते और फुंक जाते हैं। ग्रामीण विद्युतीकरण योजना में एक गांव के एक दो घर का विद्युतीकरण होता था तो आस-पास के गांवों का विद्युतीकरण होना मान लिया जाता था।

अतः मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली उपलब्ध कराने हेतु दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को शुरू किया है, उसे केवल झारखण्ड में ही नहीं अपितु पूरे देश में अच्छे ढंग से लागू किया जाए। जिन गांवों में उपकरणों की कमी है, वहां उपकरणों की आपूर्ति की जाए जिससे झारखण्ड के सभी गांवों में विद्युतीकरण हो सके तथा बिजली की आपूर्ति 24 घण्टे की जा सके।